<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–03 नवम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी भर्ती परीक्षा की अन्तिम उत्तर कुंजी जारी। त्रुटिपूर्ण विकल्प के कारण पच्चीस प्रश्नों को निरस्त करने का निर्णय।
- त्योहारी मौसम में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने किये व्यापक इंतजाम। बड़ी संख्या में चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनें। गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर बनाये गये पांच नये वेटिंग एरिया।
- प्रदेश भर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। भैयादूज और चित्रगुप्त पूजा का पर्व। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं।
- बदलने लगा मौसम का मिजाज़। प्रदेश के कई जिलों में धुंध की दस्तक। शुष्क रहेगा दिन और ठंडी होंगी रातें।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के साठ हजार दो सौ चौवालीस पदों पर भर्ती के लिये हुयी लिखित परीक्षा की अन्तिम उत्तर कुंजी कल प्रकाशित कर दी गयी। सभी अभ्यर्थी नौ नवम्बर तक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट पर अन्तिम उत्तर कुंजी देख सकते हैं। भर्ती बोर्ड जल्द ही कट–ऑफ अंक जारी करने की तैयारी कर रहा है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस में अब तक की सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा तेईस, चौबीस, पच्चीस, तीस और इकतीस अगस्त को दस अलग पालियों में सम्पन्न हुयी थी। भर्ती बोर्ड ने ग्यारह से उन्नीस सितम्बर तक अपनी वेबसाइट पर प्रश्नपत्र और उत्तर कुंजी प्रदर्शित कर अभ्यर्थियों से आपत्तियां मांगी थी। बोर्ड के अनुसार अभ्यर्थियों की तरफ से कुल सत्तर प्रश्नों से जुड़ी आपत्तियां सही पायी गयीं। इनमें त्रुटिपूर्ण विकल्प होने की वजह से पच्चीस प्रश्नों को निरस्त करने का निर्णय किया गया है।

**********

त्योहारी मौसम में यात्रियों की उमड़ने वाली भारी भीड़ के प्रबंधन और बड़े पैमाने पर आवागमन की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने कई कदम उठाए हैं। कई रेलवे स्टेशनों से विशेष रेल गाड़िया चलाई जा रही हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे सुरक्षा बल और रेल अधिकारियों द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की सराहना की है।

***दीपावली और छठ का जो महापर्व होता है, इस महापर्व के लिए पिछले साल एक रिकॉर्ड संख्या में साढ़े चार हजार स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं और इस साल उससे भी अधिक सात हजार चार सौ 35 स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। अभी तक 51 लाख पीपल हैव ट्रवेलेड बायदी स्पेशल ट्रैंस।***

वहीं लखनऊ मंडल में भी यात्रियों की सुविधा के लिए कई कदम उठाए गये हैं। कल 38 ट्रेनें उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र से गुजर रही हैं। आज यात्रा करने वाले लोगों की सुविधा के लिए 6 विशेष गाड़ियां चलाई जाएंगी। वहीं 32 गाड़ियाँ उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र से गुजरेंगी। स्पेशल ट्रेनों के साथ–साथ स्टेशनों पर पब्लिक होल्डिंग एरिया का विस्तार किया गया है।

बुकिंग विंडो के अलावा टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से भी यात्रियों को टिकट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के जरिए स्वयं टिकट बुक करने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के प्रबंधक एसएम शर्मा ने बताया कि लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के अलावा वाराणसी कैंट और अयोध्या रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों के लिए खास बंदोबस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि रेलवे प्रशासन ट्रेनों की समयबद्धता पर भी विशेष जोर दे रहा है।

***जो यह स्पेशन ट्रेन चल रही है इनकी पंचुअल्टि एकदम मॉनिटर करी जा रही है और पूरा प्रयास किया जा रहा है कि ये एकदम राइट टाईम चले और उसमें कोई भी किसी भी प्रकार की प्रोब्लम ना आए और आप देखेंगे भी जो अभी हमारा रिकॉर्ड है सत्ताइस तारीख से अब तक लखनऊ मंडल में हमने एकदम उसकी करीब 90–95 प्रसेंट से ऊपर पंचुअल्टि मेनटेन की है। तो यहां पे एकदम पूरा उसपे अगल से हमने एक टीम लगा रखी है कंट्रोल में जो उनकी पंचुअल्टि मॉनिटर करती है और उनको गंतव्य तक ले जाती है एण्ड आइ थींक इसका रिस्पांस भी अच्छा मिल रहा है। ये पूरी भर के जा रही है और मुझे आशा है कि नौ तारीख तक जब तक चलेंगी वर्ल्ड ऑफ माउथ से ही इसकी पंचुअल्टि स्प्रेड कर दी है तो पंचुअल्टि अच्छी है और लोग वापसी में भी आएगें।***

उधर, छठ पूजा के मद्देनजर पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिये गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर पांच नये वेटिंग एरिया बनाये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आज विभिन्न स्टेशनों से तीस स्पेशल ट्रेनें चलायी जायेंगी।

**********

लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती होने वाले मरीजों को अब दवायें और सर्जिकल उपकरण उनके बेड पर उपलब्ध हो सकेंगी। इसके लिये मरीजों के तिमारदारों को फार्मेसी काउंटर पर लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। इस सम्बन्ध में संस्थान के निदेशक ने दिशा–निर्देश जारी कर दिये हैं। विस्तर पर ही दवायें और अन्य चिकित्सकीय सामग्री उपलब्ध कराने की यह व्यवस्था एक नवम्बर से लागू हो गयी है।

**********

दीपावली के पंचपर्व की कड़ी में आज भाई और बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व भैयादूज प्रदेश भर में श्रद्धा भाव और हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस विशेष पर्व पर मथुरा में भाई और बहन के एक साथ यमुना नदी में डुबकी लगाने की प्राचीन परम्परा है। इसे लेकर मथुरा में देश के विभिन्न कोनों से श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा हुआ है। भाई और बहन ब्रहममुहूर्त से ही यमुना नदी में डुबकी लगा कर एक दूसरे के लिये मंगलकामना कर रहे हैं। इस पर्व को यहां यम द्वितीया के रूप में मनाया जाता है। यम द्वितीया पर यमुना नदी में स्नान करने की पौराणिक मान्यता के सम्बन्ध में ब्रज संस्कृति के विशेषज्ञ डॉक्टर उमेश चन्द्र शर्मा ने कहा–

***इस दिन भाई–बहन यमुना स्नान करतें हैं। वो यम पाश से छुट जाते और उनको यम की यातना सहनी नही पड़ती है।***

प्रदेश की जेलों में भी आज भैयादूज के पर्व का दृश्य देखने को मिलेगा। जेलों में बंद पुरुषों को उनकी बहनें भैयादूज के अवसर पर तिलक लगा सकेंगी। वहीं जो महिलाएं जेल में बंद है, उन्हें भी अपने भाइयों को तिलक लगाने का अवसर मिलेगा। इसके लिए प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

**********

प्रदेश में आज भगवान चित्रगुप्त की जयंती को लेकर कायस्थ समाज की तरफ से पूजा की व्यापक तैयारी की गयी है। गोरखपुर के प्रसिद्ध चित्रगुप्त मंदिर सहित प्रदेश भर के भगवान चित्रगुप्त के मंदिरों में और कायस्थ परिवार के घरों में आज श्रद्धा और आस्था के साथ कलम और दवात की पूजा की जायेगी। चित्रगुप्त जयंती को लेकर पेश है हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***गोरखपुर जनपद में चित्रगुप्त जयंती आज बड़े ही आस्था भाव के साथ मनाई जाएगी। शहर के विभिन्न संस्थाओं, मंदिरों के साथ–साथ कायस्थ समाज के लोग चित्रगुप्त पूजा करेंगे। खासकर शहर के बक्शीपुर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में सामाज के लोगों द्वारा चित्रगुप्त पूजा किया जाएगा। बता दें कि हिंदू धर्म में भगवान चित्रगुप्त को कर्मों का लेखा–जोखा रखने वाले देवता के रूप में पूजा जाता है। इन्हें कायस्थ समाज का देवता कहा गया है। गिरीश नारायण चौबे, गोरखपुर।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भैयादूज और चित्रगुप्त जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामना दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भैयादूज का पर्व कर्तव्य, आत्मीयता, त्याग और सामाजिक एकता की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की जयंती हम सभी को अच्छे कर्म करने की प्रेरणा प्रदान करती है।

**********

राष्ट्रीय आय और योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा दो हजार पच्चीस–छब्बीस दस नवम्बर को प्रदेश के तीन सौ अठहत्तर केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। इसे लेकर परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि परीक्षा में एक लाख सत्तावन हजार तेरह परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये प्रदेश के सभी जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।

**********

राज्य सरकार ने कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 के दूसरे चरण के लिए अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक और युवतियों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 नवंबर तक  ओ–लेवल और ट्रिपल–सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**********

नवम्बर माह की शुरूआत के साथ ही मौसम के मिजाज में बदलाव दिखने लगा है। आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में सुबह धुंध और हल्के कोहरे का असर देखा गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों के दिन में मौसम शुष्क रहेगा जबकि रातें ठंडी होंगी।

**********